## संक्षिप्त

### पुरानाबास में बनेगी भव्य लाइब्रेरी

**सीकर**। पुरानाबास नीमकाथाना के महात्मा गांधी राजकीय अंठोजी माध्यम विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए 17 लाख रुपये की लागत से आधुनिक लाइब्रेरी बनेगी। दिल्ली पुलिस के पूर्व डीसीपी और गांव के मूल निवासी बी.एल. मीणा ने अपने माता-पिता स्वर्गीय धन्नाराम मीणा व तीजा देवी की स्मृति में यह पुण्य कार्य शुरू किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के तहत 40 प्रतिशत राशि (6.84 लाख रुपये) जमा कराई है, शेष 60 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देगी। नीमकाथाना के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद शर्मा ने बताया कि मीणा गांव की जड़ों से जुड़े हैं और शिक्षा को जीवन का आधार मानते हैं। भामाशाह मीणा का कहना है कि लाइब्रेरी से जरूरतमंद विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। विद्यालय के संस्था प्रधान हरिराम शर्मा की अहम भूमिका रही।

### महिला वार्ड में चार एसी भेंट की

**खाचरियावास**। कस्बे की सीएचसी के महिला वार्ड में रविवार को चार एयर कंडीशनर भेट की गई।जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉ.सुनील धायल ने बताया कि कस्बे के भामाशाह सेठ सत्यनारायण सोमानी ने सीएचसी के महिला वार्ड के लिए चार ऐसी भेट की है।गर्मी के मध्य नजर सीएचसी में आने वाली महिला रोगियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।गौरतलब है कि सीएचसी के महिला वार्ड का संपूर्ण निर्माण कार्य भामाशाह सोमानी ने करवाया था। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.नानूराम जाट,एमडी मेडिसिन डॉ.किशन लाल मेहरड़ा, नर्सिंग प्रभारी किशन लाल मांडीया सहित सीएचसी स्टाफ ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**रतनगढ़** (निसं)स्थानीय घंटाघर के पास स्थित नृसिंह जी मंदिर में गत शनिवार रात्रि को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर पुजारी श्री दीपक बोगड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि संगीतमय भक्ति गायन पं. श्याम शर्मा एवं पं. गोपाल के सानिध्य में प्रस्तुत किया गया, जिनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने समस्त वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दो दिवसीय जयंती समारोह के अंतर्गत रविवार को मंदिर प्रांगण में ज्योत प्रज्वलन एवं चूरमे के भोग का आयोजन भी किया गया। इस अवसर परमंदिर समिति के जितेंद्र बोगड़, धनराज इंदौरिया, वरिष्ठ पत्रकार सुबोध सारस्वत, पत्रकार तिलोक कम्मा, सुनील कम्मा, प्रवीन महर्षि, राजकुमार सुरोलिया, विष्णु धरड़, मनीष मिश्रा, महेश कुमार, किशन लाल, विष्णु ताम्रायत, अजीत शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### मातृ दिवस मनाया

**पाटन** ।नीमकाथाना के सीबीएसई स्कूल जैफ इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन के. एल. मीना प्रबंध निदेशक डॉ विशाल जैफ, प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना जोशी व मुख्य अतिथि नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने किया। इस अवसर पर बच्चों की माताओं को तिलक लगाकर एवं ठीटिंग कार्ड देकर सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षिकाओं द्वारा रैंप वॉक, भाषण व गायन प्रस्तुतियां दी गई। स्कूल के बच्चों ने मातृत्व दिवस की थीम पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में स्कूल चेयरमैन के. एल. मीना ने मातृत्व दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि मां ही बच्चों की पहली शिक्षिका है और उन्होंने मां के त्याग, निस्वार्थ प्रेम, और समर्पण के बारे में बताते हुए उनकी 107 वर्षीय माताजी श्रीमती रामप्यारीदेवी जी के उनके जीवन में योगदान के बारे में बच्चों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना जोशी ने सभी अतिथियों, बच्चों की माताओं का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिक्षा मंत्री का जन्मदिवस मनाया

**झुंझुनूं**, ।हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का जन्मदिवस पूरे प्रदेश में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा तेजस उत्सव के रूप में मनाया गया। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय द्वारा श्री नेतदादा गौशाला आबूसर में जिला सहायक सचिव सुदीप कुमार के नेतृत्व में तेजस उत्सव को गौसेवा के रूप में मनाया गया।

# पद्मश्री बैजनाथ महाराज जीवन साधना गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी**। श्री श्रद्धानाथ आश्रम के पीठाधीश्वर पद्मश्री बैजनाथ महाराज को राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़ की ओर से रविवार को आश्रम परिसर में आयोजित विशेष समारोह में जीवन साधना गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भलेराव ने विश्वविद्यालय की नीति एवं स्थापित परंपरा के अनुसार पद्मश्री बैजनाथ महाराज को 'जीवन साधना गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया। उन्हें सम्मान स्वरूप शॉल, स्मृति चिन्ह, भगवान श्री गणेश की प्रतिमा, पचास हजार रुपए का चेक, तथा विशेष सम्मान-पत्र भेंट किया गया।

आश्रम के पीठाधीश्वर के रूप में पद्मश्री बैजनाथ महाराज सनातन धर्म, वैदिक ज्ञान एवं योग के प्रचार-प्रसार में विगत कई दशकों से कार्य कर रहे हैं तथा श्रद्धा संस्कृत विद्यापीठ एवं श्रद्धा योग शिक्षण संस्थान की स्थापना कर हज़ारों विद्यार्थियों को शास्त्र, योग एवं भारतीय जीवन मूल्यों से जोड़ा है। इसके साथ ही महाराज द्वारा स्थापित श्री गोरक्ष मंदिर, श्रद्धा स्मृति मंदिर, साधना कक्ष, प्रज्ञान मंदिर (पुस्तकालय) जैसे अनेक धार्मिक केंद्र समाज में आध्यात्मिक जागरण का कार्य कर रहे हैं।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने इस अवसर पर कहा कि बैजनाथ महाराज का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा है । उन्होंने कहा कि उनका समर्पण, सेवाभाव और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया योगदान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। वैदिक शिक्षा, योग, और समाज सेवा के माध्यम से उन्होंने जो मिसाल कायम की है, वह पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। प्रो भालेराव ने बताया कि जिन महापुरुषों ने अपने जीवन को तुच्छ समझते हुए सम्पूर्ण जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया, समाज ऐसे ही व्यक्तित्वों को सदैव स्मरण रखता है। ऐसे महान व्यक्तित्वों का सम्मान करना प्रत्येक संस्था एवं नागरिक के लिए गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, जो केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्र निर्माण और धर्म की रक्षा के लिए जिन महान विभूतियों ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित किया ऐसे नाथ संप्रदाय को हम नमन करते है। उन्होंने भारत के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि यह इतिहास हजारों वर्षों पुराना है और उन प्राचीन युगों में अनेक विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई थी, जिनसे ऐसे संत एवं योगी उत्पन्न हुए जिन्होंने राष्ट्र के लिए त्यागमय जीवन जिया। आज जब विश्वविद्यालय प्रगति की ओर अठासर होता है, तब उसका यह नैतिक दायित्व बनता है कि वह ऐसे महान गुरुओं का सम्मान करे, जिससे समाज के लोग उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

हम सभी नाथ संप्रदाय के प्रति कृतज्ञ हैं और उनके योगदान के लिए स्वयं को ऋणी अनुभव करते हैं। प्रो भालेराव ने आगे बताया कि विश्वविद्यालय की परंपरा के अनुसार, जीवन साधन गौरव पुरस्कार प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उन विभूतियों को प्रदान किया जाता है, जिन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान प्राप्त हो चुका है और जिन्होंने समाज, शिक्षा, और संस्कृति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी परंपरा की कड़ी में यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा संत बैजनाथ महाराज को समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और लाखों लोगों के जीवन में जो नया मार्गदर्शन दिया है उसके लिए प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे है कि महाराजश्री ने हमारा यह सम्मान स्वीकार किया।

विश्वविद्यालय उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा और सेवा के नए प्रतिमान स्थापित करता रहेगा। ऐसे विभूतियों का सम्मान वास्तव में समाज और भावी पीढ़ियों के लिए एक सशक्त संदेश है।इससे पूर्व विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रो. डी. सी. शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन साधना गौरव पुरस्कार की शुरुआत विश्वविद्यालय द्वारा उन विभूतियों को सम्मानित करने हेतु की गई है, जिन्होंने अपने संपूर्ण जीवन को समाज, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में साधना के रूप में समर्पित किया है। यह न केवल एक सम्मान है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी प्रदीप अठावाल ने मंच से सम्मान-पत्र का वाचन किया, जिसमें बैजनाथ महाराज के जीवन, उनके सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान का सारगर्भित वर्णन किया गया।आश्रम कि ओर से प्रकाश महाराज ने सभी का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि बाबाजी महाराज ने दशकों तक मानव निर्माण का कार्य चलाया है और आज राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए इस सम्मान के लिए आश्रम परिवार कि ओर से विश्वविद्यालय का आभार। इस अवसर कई अधिकारीगण, संत समाज के प्रतिनिधिगण, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह आयोजन श्रद्धा, साधना और सम्मान की त्रिवेणी बनकर सभी उपस्थितजनों के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया।

## पैदल यात्रा पर रवाना हुए पार्षद माटोलिया

**रतनगढ़** (निसं) भारत-पाक के युद्ध के मद्देनजर देश की संप्रभुता, भारतीय सेना के जवानों की रक्षार्थ और युद्ध में भारतीय सेना को विजय श्री की कामना को लेकर रविवार को ताल बालाजी मंदिर से सालासर बालाजी की पैदल यात्रा पर पार्षद रामकिशन माटोलिया व संतोष कुमार जोशी रवाना हुए।

भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पार्षद माटोलिया को तिरंगा सौंपकर कर, पुष्पहार व दुपट्टा पहना कर भावभिना स्वागत कर पैदल यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जब देश पर आपातकालीन संकट आता है तो देश का हर राष्ट्रवादी सेवक अपने तन, मन और धन से देश की सेवा करता है, वह समय-समय पर अपने रक्त से भारत की सीमाओं की रक्षा करता रहता है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आतंकवादियों और उनके सरपरस्त आकाओं को उनके अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है ।

पार्षद रामकिशन माटोलिया ने कहा कि भारतीय सेना युद्ध में पाकिस्तान को हराकर आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए जड़ से खत्म करने व भारतीय सेना के जवानों की रक्षा के लिए सालासर बालाजी महाराज से प्रार्थना के लिये पैदल यात्रा पर जा रहे हैं, देश की सीमाओं की सुरक्षा व पाकिस्तान को नाकों चने चबाने में लगे हुए मां भारती के सपूतों की रक्षा बालाजी महाराज अवश्य करेंगे। इससे पहले तालवाले बालाजी मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर भारत माता की जय व बालाजी महाराज की जयकार करते हुए देश की सुरक्षा की कामना की ।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता मोहनलाल बबेरवाल, प्रकाश चंद्र पारीक, पंडित अंजनी इंदौरिया, पंडित मनोज इंदौरिया, मदनलाल सैनी, मनोज हारित, अनूप पीपलवा, परमेश्वर प्रजापत, पूरणमल दादरवाल, राजकुमार सोनी, नारायण दायमा, राजीव मंगलहारा, कालूराम भार्गव, रामचंद्र ठेकेदार, श्रीकृष्ण सैनी, रामस्वरूप भार्गव, नेमीचंद हारित, परमेश्वर नेमीवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- बालिकाओं के स्वास्थ्य और मानसिक जागरूकता पर हुआ विशेष फोकस

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । स्थानीय मोदी स्कूल में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक पारीक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहा पारीक, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक सिंसिनवार और दंत चिकित्सक डॉ. गायत्री जांगीड़ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक और मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। डॉ. मेहा पारीक ने बालिकाओं के स्वास्थ्य विषय पर एक संवादात्मक सत्र लिया जिसमें उन्होंने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और हार्मोनल बदलावों पर चर्चा की तथा स्वच्छता व स्वास्थ्य के महत्व को समझाया।वहीं डॉ. अशोक सिंसिनवार ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी आम समस्याओं जैसे तनाव, अवसाद और आत्मविश्वास की कमी आदि विषयों पर जानकारी दी और उनसे निपटने के उपाय बताए।शिविर में डॉ. अभिषेक पारीक ने बालिकाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जबकि डॉ. गायत्री जांगीड़ ने मौखिक स्वास्थ्य जांच की और दांतों की देखभाल से संबंधित सुझाव दिए। स्वास्थ्य शिविर प्रो. (डॉ.) अशुतोष भारद्वाज अध्यक्ष, मोदी एजुकेशन फाउंडेशन और श्रीमती चारु शर्मा प्राचार्या मोदी स्कूल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का समन्वय डॉ. राहुल सिंह शेखावत, ओएसडी एडमिशन ने किया।विद्यालय प्रबंधन एवं छात्राओं ने इस स्वास्थ्य शिविर के लिए चिकित्सकों का आभार जताया और इसे एक अत्यंत उपयोगी पहल बताया।

## अभ्यर्थियों को सरकार दे उचित न्याय

**झुंझुनूं**। राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 विवादों में चल रही है। एक ओर जहां एसआई भर्ती-2021 में फर्जीवाड़ा सामने आया है और उसमें संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरी ओर भर्ती को निरस्त करने की मांग भी तेजी से उठाई जा रही है। लेकिन इन सबके बीच अब मामला और ज्यादा तूल पकड़ लिया हैं। अब एसआई भर्ती में चयनित अभ्यर्थी और उनके अभिभावक इसके पक्ष में उतरे है। चयनित उप निरीक्षकों व अभिभावकों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की है कि भर्ती में चयनित निर्दोष अभ्यर्थियों को उचित न्याय दिया जाएं।

झुंझुनूं निवासी चयनित उप निरीक्षक वंदना कुमारी ने बताया कि यदि एसआई भर्ती निरस्त की जाती है तो यह फैसला चयनित इन अभ्यर्थियों के हितों के लिए अनुचित होगा। इससे मेहनत के बलबूते पर लगे काफी चयनित युवाओं के साथ अन्याय होगा। उन्होंने बताया कि कुल 859 में से 52 अभ्यर्थियों को एसओजी ने दोषी करार दिया है और उनको सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। लेकिन इन लोगों की गलती की सजा बाकि 807 अभ्यर्थियों को देना कहां तक उचित हैं। इसमें कुछ ऐसे अभ्यर्थी भी है जो केंद्र सरकार की नौकरी छोड़कर एस आई भर्ती में सलेक्ट हुए हैं तो संभवत: उन पर भी भारी नुकसान होगा। क्योंकि उन्हें दुबारा पूर्व में लगे हुए नौकरी में शामिल नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार के परिविक्षाकाल में सेवामुक्त हुए अभ्यर्थियों को सरकार उसी वरियता पर वापस लेने और राज्य सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर परिविक्षाकाल पूर्ण मानने पर सवाल किया है। उन्होंने बताया कि यदि एसआई भर्ती रद्द की जाती है तो चयनित भूतपूर्व सैनिकों की आयु 40 वर्ष से अधिक हो गई है उनका क्या होगा। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए और सुर्खियों में रहने के लिए भर्ती निरस्त की मांग उठा रहे हैं। जो सरासर गलत कदम है। अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने डिप्टी सीएम दिया कुमारी के समक्ष मांग उठाई है कि संदिग्ध करार दिए गए 52 अभ्यर्थियों को बर्खास्त कर दिया गया है। लेकिन इनकी सजा 807 निर्दोष अभ्यर्थियों को क्यों मिलें।

## प्रवीण कुमार को मिला पुरस्कार

**झुंझुनूं** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय एवं आर्य समाज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में संभाग स्तरीय विदुषी शांति भंडारी जन्म शताब्दी समारोह में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बुहाना के सचिव प्रवीण कुमार जो कि वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूमोली खुर्द में स्काउट मास्टर के रूप में अपनी उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाएं दे रहे हैं। इनके द्वारा स्काउट गाइडिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, प्रचार प्रसार करने के कारण इन्हें शांति भंडारी श्रेष्ठ स्काउट मास्टर पुरस्कार से संभाग स्तर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखला, मनोज तंवर एवं अन्य अतिथियों ने स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रवीण कुमार की इस विशिष्ट उपलब्धि पर झुंझुनूं स्काउट जिला अध्यक्ष गंगाधरसिंह सुंडा, जिला मुख्य आयुक्त अनुसूईयासिंह, सीओ स्काउट महेश कालावत, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सिंघाना नीलिमा यादव, चिड़ावा स्काउट सचिव महेंद्रसिंह, गुढ़ागौड़जी सचिव मनोहरलाल रणवां, मान नगर सचिव धर्मपाल सिंह, निरंजन, रामकिशन, मनीषा, विजयेता नेहरा, सुवालाल वर्मा सहित संगठन से जुड़े हुए अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आज होगा महायज्ञ का समापन

**खिरोड़** । श्री देवनारायण मंदिर लोहार्गल में चल रहे 108 कुंडिय श्री देवनारायण महायज्ञ में रविवार को 511 जोड़ों ने आहुतियां दी। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने सपत्निक पूजा अर्चना करते हुए देश में खुशहाली के लिए अमन चैन की मन्नतें मांगी। कालाकोटा धाम के महंत बलदेवाचार्य महाराज एवं धनावता धाम के महंत सावताराम भगत महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडीय श्री देवनारायण महायज्ञ में सांवताराम भगत महाराज ने पूजा अर्चना कर आहुतियां दी।

महंत सांवताराम भगत महाराज ने बताया कि इस महायज्ञ का समापन सोमवार को होगा। इस महायज्ञ में आहुतियां देने वाला मनुष्य बड़ा ही भाग्यशाली मनुष्य होगा। लोहार्गल धाम में यह तीसरा महायज्ञ है। महायज्ञ के दौरान चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक भोले शंकरदास महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य जीवन सफल होता है। कथावाचक ने भागवत कथा के अंतिम दिन में भगवान कृष्ण की अनेक लीलाओं का प्रसंग सुनाया। वहीं कथा में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी का विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान श्रीकृष्ण भगवान और माता रुक्मणी की झांकी भी सजाई गई। श्रीकृष्ण भगवान के बड़े भाई बलराम भगवान के किए युद्ध के बारे में बताया। व्यासपीठ पर आसीन भोले शंकरदास महाराज ने कहा सनातन धर्म को मानने वाले हिंदू को भागवत कथा जैसे धार्मिक ठांथ अवश्य सुनने चाहिए। इस मौके पर भागवत कथा में हजारों श्रद्धालु रहे। कार्यक्रम समिति के लालचंद पोसवाल, सुभाषचंद्र मणकस एवं निवास कोली ने बताया कि सोमवार को सैंकड़ों की संख्या में संत महात्मा पहुंचेंगे। वहीं हजारों की संख्या में आस-पास के क्षेत्र एवं दूरदराज के श्रद्धालु भी शामिल होंगे। महायज्ञ में जहां कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के लिए जल सेवा कर रहे हैं। वहीं सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता अपनी निशुल्क एवं सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। महायज्ञ के दौरान दिनभर भंडारा भी जारी रहा। वहीं सोमवार को को भी भंडारा लगाया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ठाहण करेंगे।

## सार-समाचार

### फिल्म का निशुल्क शो

**पाटन**। सामाजिक क्रांति के अठादूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं नारी शिक्षा की जनक माता सावित्री बाई फुले के संघर्ष कथाओं पर आधारित ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक फिल्म का आज मदर्स डे के अवसर पर नीमकाथाना शहर के लक्ष्मी टाकीज सिनेमा में निःशुल्क प्रदर्शन किया गया। फिल्म के इस प्रथम शो की संपूर्ण व्यवस्था मेघवंश जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया द्वारा व्यक्तिगत रूप से की गई । इस हाउस फूल शो में करीब 400 से अधिक सामाजिक जागरूक सदस्यों ने सामूहिक रूप से फिल्म का आनंद लिया । लोगों के बैठने हेतु अतिरिक्त कुर्सियां लगाई गई, इसके बावजूद भी फर्श पर बिछी कालीन पर बैठकर व गैलरी में खड़े होकर भी फुले प्रेमियों ने इस फिल्म को जोश व जुनून के साथ देखा, इस दौरान करीब दस बार लोगों ने तालिया बजाई और फुले दंपति के जमकर नारे लगाए साथ ही कुछ दृश्यों को देखकर लोग भावुक भी नजर आए । सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद मेहरानिया ने बताया कि इस स्पेशल शो में सेवानिवृत वरिष्ठ आईएएस के एल मीणा, डॉ भीमराव अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बबेरवाल, शंकरलाल बलाई, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा भराला, हरिराम मीणा, सुरज्ञान मीणा, दिलीप मीणा, डॉ बी आर बॉयल, सुभाष चंद सिंघल, भगवान सहाय बौद्ध, शंकरलाल सिवोडीया, गिरदावर झुथाराम सैनी, सुनील कुमार सैनी, रमेश मेहरानिया, रामावतार मोखरिया, रोहिताश खंडेलवाल, सतपाल भारती, सरजीत किलानिया, जितेंद्र वर्मा, विजेंद्र वर्मा, कैलाश पाटन, प्रहलाद राय मेहरानिया एवं डॉ प्रदीप बेसर वाडिया सहित सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

### सेवादल की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

**झुंझुनूं**, राजस्थान प्रदेश कांठोस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार झुंझुनूं जिला कांठोस सेवादल के अध्यक्ष हारून रसीद के द्वारा जिला व ब्लॉक और विधानसभा कार्यकारणी का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें तीन जिला उपाध्यक्ष बनाए गए। रामावतार मेघवाल, रामकिशन कुमावत, रघुनाथ माछलपुरिया को बनाया गया है। सात महासचिव बनाए गए है। ठनमें बबलू सारवान, संजय कुमार, बलवीर सैनी, फारुख डाबड़ी, हारून खोकर ख्याली, सुरेश सैन, अजय कुमार शामिल है। सात सचिव बनाए गए है। इनमें सीताराम जैदिया, बसंत वाल्मिकी, केसरदेव, आस्किंन सिलावट, मोहम्मद अयूब खत्री, सुरेश शाह, हेमंत कुमार शामिल है। वहीं पांच विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें सत्यवीर महरानियां खेतड़ी विधानसभा, उम्मेद अली हमीद मंडावा विधानसभा, शंकरलाल महरानियां पिलानी विधानसभा, जीवनसिंह सूरजगढ़ विधानसभा, भागीरथ सैनी नवलगढ़ विधानसभा बनाएगए है। वहीं सात ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनमें गिडानिया शाहरुख खान, सूरजगढ़ राजेंद्र कुमार, नवलगढ़ जीताराम सैनी, खेतड़ी ए बृजेश सैन, खेतड़ी बी लीलाराम सैनी, मंडावा जाकिर रंगरेज, अलसीसर गुलाम नबी बड़गुर्जर को बनाया गया है।

### दिलावर का जन्म दिन मनाया

**सादुलपुर**, राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा राजगढ़ ने रविवार शाम सात बजे के करीब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के जन्म दिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसी दौरान मोक्ष भूमि की गौ शाला में गायों को गुड़ ओर फल खिलाकर ओर केक काटकर शिक्षा मंत्री का जन्म दिन मनाते हुए वीडियो कॉन्ठोस से मंत्री मदन दिलवार को हार्दिक बधाई शुभकामनाए दी ओर मंत्री दिलावर ने धन्यवाद दिया। इसी दौरान संघ के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा ने बताया कि संघ के वरिष्ठ साथी चंद्रभान गोठवाल, जयवीर सिंघल, सुभाष बागोत, ब्रह्मानंद मेहरा, सभा अध्यक्ष संतलाल, मंत्री चन्द्रभान मेहरा, पुरूषोतम मीना, सहीराम मेहरा, तेजपाल, आनंद, जयवीर भाटीवाल, धर्मपाल शीला व बदलूराम आदि मौजूद रहे।

### सर्व समाज की हुई बैठक

**सादुलपुर**। शहर में सर्व समाज विकास मंच कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी की बैठक सिधमुख मोड़ पर स्थित श्री विश्वकर्मा धर्मशाला प्रांगण में समाज सेवी दुर्गा दत्त जांगिड़ की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान एवं आतंकवादियों को दिए गए मुंहतोड़ जवाब पर सेना का यशोगान किया गया। इस मौके पर भारत जिंदाबाद भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से सभागार गूंज उठा। बैठक में शहर के विभिन वार्डो की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सिधमुख चौराहे पर सर्किल बनाने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया। ताकि सर्किल के आभव से आए दिन होने वाली वाहन दुर्घटनाओं से जान माल की सुरक्षा हो सके। इसके अलावा सिधमुख मोड़ से रामबास मोहल्ले की तरफ आने वाली प्रमुख सड़क के दोनों तरफ कीचड़ युक्त नाले नालियों की सफाई करने, हिसार सड़क पर दुर्गादत्त जांगिड़ के मकान के आगे क्षितठास्त विद्युत पोल को बदलने की मांग की गई। बैठक में विश्व मातृ दिवस पर भारत माता सहित मातृशक्ति के सम्मान का यशोगान किया गया। बैठक में डॉ लक्ष्मण सिंह शेखावत, सीताराम, पूर्व पार्षद तीर्थराज बरवड़, एडवोकेट गिरधारी लाल, छोटू लाल नायक, विनोद चावरिया, लक्ष्मण मोहनपुरिया आदि ने भी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में आमीन खा, बेगराज जोईया, कप्तान राजेंद्र सिंह, रामपाल जांगिड़, दुर्गाराम संतलाल, संजय जांगिड़, कृष्ण कुमार जांगिड़, पृथ्वीराज, हमीद खान दायमा, श्यामलाल, जगदीश प्रसाद आदि लोगों ने भागीदारी निभाई।

## लक्ष्मनगढ़ के शिवकुमार अध्यक्ष व फुलचंद मंत्री बने

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी**। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर उपशाखा लक्ष्मणगढ़ का वार्षिक स्थानीय डॉ अम्बेडकर भवन में चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश कुमार वर्मा प्रधानाचार्य एवं चुनाव अधिकारी विजय कांटीवाल व्याख्याता की देखरेख में निर्विरोध हुए। चुनाव से अध्यक्ष शिवकुमार लूणीवाल, मंत्री फूलचंद चिरानिया, सभाध्यक्ष लालूराम रोहलन, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार रोयल, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बालान, महिला मंत्री निर्मला देवी, प्रचार मंत्री शिवभगवान तानाण, संगठन मंत्री भागीरथमल चौहान, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि प्यारेलाल नायक, शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि ओमप्रकाश सर्वा, माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि रमेशचन्द्र कुमार चंदेल, व्याख्याता प्रतिनिधि महेश कुमार रोयल, प्रारंभिक शिक्षा प्रतिनिधि सूरज कुमार बैरवा, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि ताराचंद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रतिनिधि हरफूलसिंह जौशवाल, कम्प्यूटर अनुदेशक प्रतिनिधि प्रशांत वर्मा, संरक्षक मंडल सदस्य महावीर प्रसाद रोलन, सांवरमल माहिल, राजेन्द्र रोलन, दौलतराम आलड़िया, भागीरथमल तंवर निर्विरोध चुने गए।

## भाजपा नेता सतीश पूनिया के पुत्र और पुत्रवधू ने बेवड गांव में की पूजा अर्चना



भाजपा वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया के पुत्र पूजा अर्चना की।

**सादुलपुर**। भाजपा वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया के पुत्र और पुत्रवधू ने अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव बेवड़ में इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की। इस मोके पर पूनिया के पुत्र महीप तथा पुत्र वधू ने भगवान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रसाद वितरण किया। सेवक शेर सिंह जागिड़ ने पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर डॉ सतीश पूनियां की धर्मपत्नी मोहिनी देवी ने मिठाई वितरण की। कार्यक्रम में पूनिया के परिवार का अभिनंदन किया गया।

# सेमिनार में राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर मंथन

**पिलानी**,। पिलानी प्रेस परिषद की ओर से सेमीनार का आयोजन रविवार को किया गया। बिरला स्कूल में आयोजित सेमीनार का विषय राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका रखा गया। कार्यक्रम में बिरला शिक्षण संस्थान निदेशक जनरल एसएस नायर मुख्य अतिथि थे। वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रभुशरण तिवारी ने अध्यक्षता की।

बिरला शिक्षण संस्थान के उप निदेशक वित्त डॉ. जीएस गौड़, बिट्स पीआरओ वीरेंद्रसिंह निर्बाण एवं पिलानी प्रेस परिषद अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह शेखावत विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने मौजूदा परिप्रेक्ष्य में मीडिया की जिम्मेदारीपूर्ण भूमिका पर चर्चा करते हुए आज के दौर में पत्रकारिता के बदलते मापदंडों पर विस्तृत चर्चा की तथा समाज की समस्याओं को लेखन के माध्यम से उजागर करने की अपील की। जनरल एसएस नायर ने संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में समाचारों की पहुंच लोगों तक पहले से कई गुना बढ़ गई है और इसी अनुपात में पत्रकारों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि आज देश में छोटे-बड़े 350 से अधिक चैनल कार्यरत हैं। प्रिंट मीडिया, डिजिटल मीडिया के साथ मीडिया संस्थानो की संख्या और ज्यादा हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ व्यूज के लिए न्यूज़ को पब्लिश नहीं करना चाहिए। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया की अपनी कार्यशैली और अपनी बाध्यताएं हैं। लेकिन पत्रकार समाज का आईना होता है। ऐसे में पत्रकार की भूमिका भी बढ़ जाती है। उन्होंने निष्पक्ष रहते हुए पत्रकारिता करने की आवश्यकता बताई। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभुशरण तिवाड़ी ने अपने बीते 50 वर्ष की समयावधि में मीडिया की बदलती स्थितियों की चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से समाज के लिए बहुत कुछ सकारात्मक किया जा सकता है।

जनता से जुड़े मुद्दों पर जन आन्दोलन में पत्रकार बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने वर्तमान में पिलानी-चिड़ावा में व्याप्त जल संकट पर सभी से एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रसिद्ध मूर्तिकार मातूराम वर्मा, शिक्षाविद शोभा वर्मा, कॉमरेड शंकर दहिया व नथमल स्वामी सहित वक्ताओं ने भी मौजूदा डिजिटल युग में सतर्क रहते हुए जिम्मेदारीपूर्ण पत्रकारिता करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा झेरलीवाला ने आभार जताया। संचालन डॉ. संजय शर्मा ने किया। इससे पहले कैलाशपति रूंथला ने स्वागत भाषण किया। ललित ढेंढवाल, दर्पण खंडेलवाल, बाबूलाल घोघलिया एवं निरंजन सैन सहित परिषद सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। परिषद संरक्षक उत्पल शर्मा, संगठन सचिव दीपक दहिया सहित ने अतिथियों का प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में धीरेंद्रसिंह, डॉ. हरिसिंह सांखला, हिंदू क्रांति सेना के प्रदेशाध्यक्ष विकास डूमोली, पीथाराम जांगिड़, मोहम्मद इकबाल, डॉ. मनोज जांगिड़, राकेश चौधरी, दीपक अठावाल, विजय तोला, डॉ. अमरदीप शर्मा, डॉ. आशा शर्मा सहित क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से मीडिया प्रभारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधयों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया।


राजस्थान सरकार
न्यायालय तहसीलदार राजगढ़ (चूरू)
क्रमांक भू.अ./2025/2031-36 दिनांकः-07.05-25
**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सुरेश कुमार पुत्र अमरसिंह जाति जाट निवासी भोजाण तहसील राजगढ़ ने दिनांक 19.11.2024 दौरान प्रार्थना पत्र मय पंजीकृत वसीयत पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया जाता है कि रोही ग्राम भोजाण तहसील राजगढ़ जिला चूरू के खसरा नं. 548 तादादी 5.0200 हैक्टेयर भूमी की वसीयत शान्ति पत्नी स्व. फुलसिंह जाति जाट निवासी भोजाण द्वारा दिनांक 19.01.2022 को सुमन देवी, उर्मिला, शशीदेवी, मीना, मोनिका, धापा, कृष्णा जाति जाट निवासी समस्त भोजाण के पक्ष में की गई है वसीयतकर्ता शान्ति पत्नी फुलसिह की मृत्यु दिनांक 23.06.2024 को हो चुकी है जिसका वसीयत के आधार पर नामांतरण दर्ज किया जावे। उक्त वसीयत के अनुसार शान्ति पत्नी फुलसिंह जाति जाट निवासी भोजाण की उपर्युक्त वर्णित भूमी का नामान्तरण सुमन देवी, उर्मिला, शशीदेवी, मीना, मोनिका, धापा, कृष्णा जाति जाट निवासी समस्त भोजाण के नाम दर्ज किया जाना है। इस बाबत किसी व्यक्ति को कोई एतराज या आपति हो तो समाचार पत्र के प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष व सबूत पेश करें। समयावधि समाप्त होने पर किसी प्रकार का उजर या आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। तथा वसीयत के अनुसार प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जायेगा। यह सार्वजनिक सूचना दिनांक 07.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और कार्यालय मोहर द्वारा जारी की गई ।
तहसीलदार राजगढ़ (चूरू)